Bombay so that the passengers can reach Cochin earlier?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (DR. KARAN SINGH): (a) Yes, Sir. The passengers from Delhi to Cochin via Bombay have to wait at Bombay for about three hours, but via Madras the waiting time is only 35 minutes.

(b) The air-timings are drawn up with a view to the best utilisation of the available aircraft. In the present situation no relief is possible, but I.A.C. will keep the matter in view when more aircraft are available and more services introduced.

महाभारत सम्बत् चालू करना

3324. **श्री भोगेन्द्र झा** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार महाभारत के युद्ध की समाप्ति को आधार मानकर भारत में महाभारत सम्बत् चालू करने का है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : (क) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ख) सरकार ने पहले ही ग्रिगोरीय कैलेण्डर के सदृश्य 22 मार्च, 1957 तदनुसार 1 चैत्र, 1879 से विभिन्न असैनिक कार्यों में उपयोगार्थ सम्पूर्ण भारत के लिये शक सम्बत् पर आधारित एक समान राष्ट्रीय कैलेण्डर अपना रखा है । कैलेण्डर सुधार समिति ने देश में प्रचलित महाभारत से सम्बन्धित कैलेण्डर सहित विभिन्न कैलेण्डर प्रणालियों पर विचार करने के बाद इस राष्ट्रीय कैलेण्डर की सिफारिश की थी ।

केन्द्रीय असैनिक सेवा

3325. **श्री निहाल सिंह** : क्या गृह-कार्य मंत्री 22 नवम्बर, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1261 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय असैनिक सेवा के बारे में जानकारी अब एकत्र कर ली गई है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) अप्रैल 1965 से अगस्त 1967 तक की अवधि में श्रेणी I के अधिकारियों की संख्या जिन्होंने अपने पुत्र पुत्री तथा अन्य व्यक्तियों के लिये जो उन पर निर्भर हैं (प्राईवेट) निजी उपक्रमों में (रोजगार लेने) नौकरी हेतु अनुमति के लिये आवेदन किया—146.

श्रेणी I के अधिकारियों की संख्या जिन्हें अनुमति प्रदान की गई—143.

श्रेणी I के अधिकारियों की संख्या जिन्हें अनुमति प्रदान नहीं की गई—3.

भारतीय असैनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारी

3326. **श्री निहाल सिंह** : क्या गृह-कार्य मंत्री 22 नवम्बर, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1262 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय असैनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों के बारे में जानकारी इस बीच इकट्ठी कर ली गई है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) सूचना सभा पटल पर रखे गये विवरणों में दी गई है । [**पुस्तकालय में रख दिया गया । देखिये** संख्या LT 397/68] ।

कार चोरों का गिरोह

3327. **श्री निहाल सिंह**: क्या गृह-कार्य मंत्री, 15 नवम्बर, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 439 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि कार चोरों के गिरोह की जांच के बारे में इस बीच कितनी प्रगति हुई है और जांच के कब तक पूरा हो जाने की सम्भावना है ?